



# वन्य प्राणियों की संख्या में बढ़ोत्तरी के बावजूद डायरेक्टर हो गईं राजनीति का शिकार

## एक तेज तर्रार और ईमानदार महिला वन अधिकारी का महज 18 माह में हो गया स्थानांतरण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 2 अगस्त। पन्ना जिले मे कोई भी ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी स्वार्थी राजनेताओं एवं जनप्रतिनिधियों के चलते नहीं टिक पाता ऐसा ही मामला पन्ना टाईगर रिजर्व की ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की के स्थानांतरण के मामले को लेकर जिले भर मे चर्चाओं का बाजार गर्म है। सरकार लगातार पन्ना टाईगर रिजर्व मे विभिन्न योजनाएं लाकर समाप्ति की ओर प्रयासरत है। जिसमें सबसे बडी योजना केन बेतवा है। जिसमें हजारों हेक्टेयर पन्ना टाईगर रिजर्व का संरक्षित हरा भरा एरिया जहां पर लाखों पेड हैं उनका कत्लेआम कर केन बेतवा के लिए किया जा रहा है।**

सैंकड़ों वर्षो के प्रयासों का परिणाम रहा है कि उक्त संरक्षित वन क्षेत्र हजारों वन्य प्राणियों का सुरक्षित सहवास है। कहीं न कहीं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं पन्ना टाईगर रिजर्व के हित मे कुछ ऐसे निर्णय फील्ड डायरेक्टर श्रीमति तिर्की ने लिये जो जिले के जनप्रतिनिधियों सहित सरकार को भी नागवार गुजरे हैं संभवत: यही कारण उनके स्थानांतरण के हो सकते हैं क्योंकि जिनके कार्यकाल मे पर्यटकों की संख्या एवं वन्य प्राणियों की संख्या रिकार्ड बढोत्तरी होने के बावजूद आखिर ऐसा क्या कारण है महज 18 माह मे ही उनका स्थानांतरण हो गया। मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की का तबादला महज डेढ़ साल में ही भोपाल के लिए कर दिया गया है, जो इन दिनों चर्चा में है।

एक तेज तर्राट और ईमानदार महिला वन अधिकारी जो वन्य प्राणी संरक्षण की दिशा में अच्छा काम कर रही थी, उनका अचानक इस तरह तबादला होना, कई सवाल खड़ा करता है जिसमें



राजनैतिक शिकार होने की चर्चाएं अधिक हैं क्योंकि वे नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों को रास नही आ रही थीं । उक्त महिला वन अधिकारी संरक्षण के लिए बेहतर काम कर रही थीं। इनके कार्यकाल में वन अधिकारियों व मैदानी कर्मचारियों में अपने दायित्वों के प्रति जवाबदेही व टीमवर्क की भावना जहां मजबूत हुई, वहीं पन्ना टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य प्राणियों की संख्या में भी अपेक्षानुरूप वृद्धि हुई है। इस दौरान यहां पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा हुआ, नतीजतन शासन को 7 करोड़ रुपए से भी अधिक राजस्व प्राप्त हुआ जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

पन्ना टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को अमूमन प्रतिदिन बाघों व अन्य वन्य प्राणियों का दीदार हुआ। जिससे न केवल देश में अपितु विदेशी पर्यटकों में भी पीटीआर के प्रति आकर्षण बढ़ा है। पन्ना टाइगर रिजर्व में जब वन्य प्राणियों की संख्या बढी है, तो उसी अनुपात में उम्र दराज वन्य जीवों की स्वाभाविक मौत भी होगी। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यदि संरक्षण की कमी व प्रबंधन की लापरवाही से शिकार की घटनाएं हों तो यह एक बड़ी वजह स्थानांतरण की हो सकती है। लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ जैसे वन्य प्राणियों के शिकार के कोई बड़े मामले नहीं आए जबकि अन्य टाइगर रिजर्व में इस तरह की घटना प्रकाश में आती रही हैं।

गौरतलब है कि क्षेत्र संचालक श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की का तबादला पन्ना से भोपाल के लिए कर तो दिया गया है, लेकिन अभी तक उनकी जगह किसी अन्य क्षेत्र संचालक की नियुक्ति नहीं हुई। श्रीमती तिर्की भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून से प्रशिक्षित हैं तथा उन्हें वाइल्डलाइफ में काम करने का अच्छा अनुभव भी है। इसलिए इनका स्थानांतरण करने से पहले पन्ना टाइगर रिजर्व में किसी योग्य व वाइल्डलाइफ में काम करने का अच्छा अनुभव रखने वाले वन अधिकारी की पदस्थापना बतौर क्षेत्र संचालक किया जाना बेहद जरूरी है। इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि शून्य से शिखर तक का सफर पन्ना टाइगर रिजर्व ने जो तय किया है, उस तरह का चमत्कारिक प्रयोग बार-बार संभव नहीं है। प्रकृति भी सिर्फ एक बार संभलने और संवरने का मौका देती है। यदि नहीं चेते तो फिर प्रकृति का दूसरा रूप भी दिखाई देने लगता है, जो निश्चित ही भयावह होता है।

# सीसीएफ छतरपुर के मुख्यआतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 2 अगस्त। दक्षिण पन्ना वनमंडल के सलेहा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना तमोली एवं ग्राम वन समिति पटना तमोली के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एक प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश यादव (मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत) एवं विशेष अतिथि अनुपम शर्मा (वनमंडलाधिकारी, दक्षिण पन्ना) की गरिमामयी उपस्थिति रही।**

नरेश यादव ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और उसमें उनकी भूमिका को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा, जब बच्चा एक पौधा लगाता है, वह केवल हरियाली नहीं बोता, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन संजोता है। वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा ने अपने सारगर्भित संबोधन में घरों में पालतू बनाए गए तोता, कछुआ जैसे वन्य प्राणियों को आज़ाद करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत ऐसे प्राणियों को कैद में रखना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी यह एक अमानवीय कृत्य है। उन्होंने वन्यप्राणियों के मौलिक अधिकारों दृ स्वतंत्र रूप से जीने के हक पर विद्यार्थियों के साथ




विचार साझा किए।वन विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्राम के युवाओं को बैग एवं क्रिकेट किट उपहारस्वरूप भेंट की गई, जो उन्हें प्रकृति संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने का एक रचनात्मक और सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों, समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर पौधरोपण किया। यह केवल एक पर्यावरणीय गतिविधि नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सामूहिक कृतज्ञता और जिम्मेदारी का भावपूर्ण प्रदर्शन था।

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में दिए निर्देश, सौंपे दायित्व

नवभारत न्यूज

**पन्ना 2 अगस्त। पन्ना जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए आज कलेक्टेªट सभाकक्ष में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने मुख्य समारोह सहित जिले भर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा विभिन्न दायित्व भी सौंपे।**

स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए समिति का गठन कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व भी सौंपा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना तथा रक्षित निरीक्षक भी शामिल हैं।

बैठक में सभी कार्यालय प्रमुखों को ध्वज संहिता के प्रावधान अनुसार ध्वजारोहण के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 2 अगस्त से नियमित रूप से रिहर्सल प्रारंभ की जाएगी। परेड में शामिल होने के लिए फुल डेªस रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से होगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह होगा।

मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। कार्यालय प्रमुखों द्वारा शासकीय कार्यालयों में सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य समारोह स्थल पर बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था, वाटरप्रूफ टेंट लगाने, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम के संचालन, शुद्ध पेयजल एवं स्वल्पाहार व्यवस्था, परेड निरीक्षण सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों तथा अन्य गणमान्यजनों को विधिवत आमंत्रित करने, साफ-सफाई व्यवस्था, फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती, बेहतर यातायात व्यवस्था इत्यादि के निर्देश भी दिए। सभी विभाग प्रमुखों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरूस्कार हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की सूची अनिवार्य रूप से आगामी 11 अगस्त तक प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने स्टेडियम के विकास कार्यों के संबंध में ली बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 2 अगस्त। राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन द्वारा विधानसभा क्षेत्र पन्ना अंतर्गत छत्रसाल स्टेडियम में युवाओं एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।**

इसके लिए पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। शनिवार को कलेक्टर सुरेश कुमार



एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने स्टेडियम परिसर में विकास कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल दमोह द्वारा उक्त कार्य करवाया जाएगा। इसके दृष्टिगत हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री आर.के. बाथम को एक सप्ताह में आवश्यक सर्वे कार्य पूर्ण करने तथा पूर्व से स्वीकृत कार्यों का परीक्षण कर निर्धारित कार्य योजनानुसार नवीन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। यहां फ्लड लाइट सहित अन्य कार्य भी पृथक से होंगे, जबकि निर्धारित राशि से तय कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारी से कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही प्रस्तावित कार्यों की पूर्व तैयारी के संबंध में भी विचार विमर्श किया। इस दौरान तलैया फील्ड में पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन एवं नगर पालिका द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक समन्वय के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन के कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों के संबंध में स्थल का अवलोकन भी किया गया।

# दिव्यांग छात्रों का किया गया मेडिकल परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना, 2 अगस्त। शासन के निर्देशानुसार सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में कक्षा 1 से 12 तक के दिव्यांग छात्रों की जांच के लिए ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया आयोजित शिविर में शामिल बच्चों की बैठक व्यवस्था, भोजन, पानी आदि जिम्मेदारियां सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य पीडी मिश्रा द्वारा निभाई गई।**

शिविर में जिला चिकित्सालय पन्ना से मेडिकल बोर्ड की टीम ने उपस्थित होकर शिविर में आए दिव्यांग छात्रों का मेडिकल परीक्षण किया। परीक्षण उपरांत सभी छात्रों को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे एवं जरूरत अनुसार



ट्राई साइकिल कान की मशीन चश्मा आदि सामान दिव्यांग छात्रों को शासन द्वारा निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

जिला चिकित्सालय पन्ना से विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर डीपी प्रजापति नाक, कान, डॉक्टर के सी अग्रवाल बच्चा, डॉक्टर सौरभ त्रिपाठी आंख एवं डॉक्टर महिका झां मनो रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। अस्थि रोग विशेषज्ञ उपस्थित नहीं रहे। शिविर में उपस्थित बीएसी राजू मिश्रा द्वारा पूरे समय उपस्थित रहकर बच्चों को जांच कराने में सहयोग की भूमिका निभाई एवं बीएसी मनोज गुप्ता, दिनेश द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

## दक्षिण वनमण्डल कल्दा अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल सारंगपुर हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 2 अगस्त। आज दक्षिण वनमण्डल पन्ना के वन परिक्षेत्र कल्दा अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल सारंगपुर में विद्यार्थियों को सर्पदंश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर 'सर्पदंश की रोकथाम' एवं 'सर्पदंश का प्राथमिक उपचार क्या करें, क्या न करें' पर आधारित विशेष रूप से तैयार किया गया साँप-सीढ़ी खेल वितरित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को 'साँपों के बारे में प्रचलित भ्रांतियां एवं उनके वैज्ञानिक तथ्य' पर आधारित जानकारीपूर्ण पोस्टर



भी प्रदान किए गए। इन्हें अपने घर, गली, मोहल्ले में भी साझा करने का आग्रह विद्यार्थियों से किया गया, ताकि सामुदायिक स्तर पर भी जागरूकता फैले। इस जागरूकता कार्यक्रम का संचालन एवं सामग्री का वितरण दक्षिण पन्ना के वनरक्षक वीरेंद्र पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को सरल भाषा में समझाते हुए यह संदेश दिया कि सर्पदंश से घबराने की बजाय सतर्कता और सही प्राथमिक उपचार से जान बचाई जा सकती है।



# डकैती की योजना बनाते पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लवकुश नगर निवासी दो वर्ष से था फरार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 2 अगस्त। दो वर्ष से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया है।**

हासिल जानकारी के अनुसार एस पी पन्ना साँई ऋष्ण थोटा के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा डकैती की योजना बनाने की घटना मे शामिल दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी राजकिशोर उर्फ अज्जू अहिरवार जिसके विरूद्ध न्यायालय पवई, धारा 399, 402 भा.द.वि. एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत स्थाई गिरफतारी वारंट जारी था वांछित आरोपी के लवकुशनगर जिला छतरपुर मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा राजकिशोर अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी सिंचाई कॉलोनी लवकुशनगर से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

# पवई में अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में 14 तक प्रस्तुत करें आपत्ति

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 2 अगस्त। कलेक्टर न्यायालय द्वारा ग्राम पवई स्थित सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में क्षेत्र की आम जनता एवं जनसामान्य को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है।**

अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुहद्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई सभी पुत्र एवं पुत्री भगवानदास पटेल निवासी तहसील पवई द्वारा बगैर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं कॉलोनी विकास की अनुज्ञा के बिना अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इनके द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं किया गया एवं न ही रेरा में पंजीयन करवाया गया। कॉलोनी में किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास भी नहीं कराया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई की आदेश पत्रिका के साथ संलग्न राजस्व निरीक्षक प्रतिवेदन के आधार पर अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में अपनी आपत्ति आगामी 14 अगस्त तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकती है। इसके उपरांत किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 2 अगस्त। एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक योगदान के उद्देश्य से पौधरोपण किया जा रहा है।**

इस क्रम में गत दिवस खाद्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम के नेतृत्व में देवेन्द्रनगर के बड़ागांव स्थित नागरिक आपूर्ति



निगम कार्यालय एवं वेयरहाउस परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।



# अतिवृष्टि में बहा मझगांय पुल रास्ते की हुई मरम्मत

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना, 2 अगस्त। ग्राम पंचायत मझगाय में अति वृष्टि से टूटे हुए क्षतिग्रस्त पुल को सुधार करवा दिया गया है अब ग्राम वासियों का आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है।**

ग्राम पंचायत के माध्यम से इस पुल रास्ते की मरम्मत करवा दी गई है अब ग्रामीण इस रास्ते से सुचारू रूप से ग्राम मजगांय इससे लगे हुए मजरा टोला का आवागमन कर सकते हैं।

# आरटीओ ने की स्कूल वाहनों पर कार्रवाई

पन्ना, 2 अगस्त। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार परिवहन विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग स्थानों पर स्कूलों में जाकर स्कूल वाहनों की जांच की। जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला द्वारा शुक्रवार को देवेन्द्रनगर में चलने वाले स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। टीम ने स्कूल बस संचालकों और संस्था प्रमुखों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बसों का संचालन करने और जरूरी व्यवस्थाएं बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान यह बताया गया कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है।

# तहसील परिसर के पौधरोपण का भ्रमण किया एसडीएम-तहसीलदार ने



नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना, 2 अगस्त, अजयगढ प्रतिवर्ष वर्षा काल के आते ही वृक्षारोपण का सिलसिला शुरू होता है प्रतिवर्ष अनेक वृक्ष लगाए जाते हैं परंतु अगले वर्ष उन वृक्षों को देखने या वह कितने जीवित हैं इस और कोई ध्यान नहीं देता है जिससे ज्यादातर वृक्षारोपण असफल रहते हैं परंतु अजयगढ़ के तहसील परिसर का वृक्षारोपण पिछले वर्ष किया गया था जिसका नियमित रूप से पानी देना खाद देना समय पर उसकी देखभाल करने का नतीजा है की तहसील परिसर के वृक्ष शत प्रतिशत जीवित हैं एवं तहसील परिसर में हरियाली निर्मित है।**

इसका श्रेय अजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी आलोक मार्को एव तहसीलदार सुरेंद्र कुमार को जाता है जो प्रतिदिन अपने सामने इस तहसील परिसर की सामने की बगिया में पानी लगवाते हैं और इसकी नियमित ड्यूटी भी लगी हुई है जो हाजिरी में कोटवार होते हैं उनकी जिम्मेदारी रहती है



की बगिया की नींदाई गुड़ाई पानी लगाने का कार्य करें.

इसी तरह के वृक्षारोपण अगर सफल हो तो आज बरसों से वृक्षारोपण कार्यक्रम शासन द्वारा चलाया जा रहा है परंतु फोटो सेशन करने के अतिरिक्त वृक्षारोपण में कुछ नहीं होता अगर शासन पिछले वर्ष लगाए गए वृक्षों की जानकारी करें तो यह आंकड़े सामने आ सकते हैं कि यदा-कदा जगह के ही वृक्षारोपण सफल रहते हैं उन्ही वृक्षारोपण सफल में तहसील परिसर का वृक्षारोपण है. जहां पर तहसील परिसर में आने वाले लोग अपना पेशी का समय गुजारते हैं और वहां पर उनको एक आनंद की अनुभूति होती है इस वृक्षारोपण की वकील पक्ष का परिसर में आने वाली कृषक इस वृक्षारोपण की तारीफ करते हैं और वास्तव में इस वृक्षारोपण से तहसील परिषद भी का वातावरण सुंदर लगता है. प्रतिदिन इस वृक्षारोपण की देखभाल एसडीएम आलोक मार्को और तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नियमित रूप से करते हैं.